


ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) एक महारत्न तथा फॉर्च्यून–ग्लोबल 500 कंपनी है। इसने विश्व में #2 अन्वेषण एवं उत्पादन कंपनी तथा एशिया में शीर्ष 5 ऊर्जा कंपनियों में स्थान प्राप्त किया है। इसने 'प्लैट्टस' शीर्ष 250'ग्लोबल एनर्जी कंपनी रैंकिंग 2012 के अनुसार अग्रणी वैश्विक ऊर्जा कम्पनी में 21वाँ स्थान प्राप्त किया है। इसने वर्ष 2012 में 'पीएफसी' ऊर्जा 50' सूची के अनुसार वैश्विक सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध ऊर्जा कंपनियों में 25वाँ स्थान प्राप्त किया है। इसने वर्ष 2012 की फोर्ब्स ग्लोबल 2000 सूची में 171वाँ स्थान प्राप्त किया है। ओएनजीसी 'खनन, कच्चे तेल उत्पादन' श्रेणी (मार्च, 2012) के तहत फॉर्च्यून की अत्यंत सम्मानित सूची 2012 में एकमात्र भारतीय ऊर्जा कम्पनी है।

ओएनजीसी अपनी सहायक कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) के माध्यम से 15 देशों में 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर का विदेशी पूँजी–निवेश सहित भारत सबसे बड़ा पारराष्ट्रीय निगमित है। ओएनजीसी को सर्वोत्तम पद्धतियों को प्रोत्साहन देने तथा "नियोक्ता ब्रांड" निर्मित करने के लिए या कोई रैण्डस्टैड द्वारा गठित "सर्वाधिक आकर्षक नियोक्ता" पुरुस्कार प्रदान किया गया है।

ओएनजीसी को श्रेणी–1 अधिकारियों (ई–1) के रूप में संगठन का सदस्य बनने के लिए उच्च शैक्षिक रिकार्ड वाले उत्साही, ऊर्जावान एवं युवा भू–वैज्ञानिक, अभियंताओं, एमबीए एवं सीए/आईसीडब्ल्यूए की निम्नलिखित संवर्गो – **भूविज्ञान, भूभौतिकी, भण्डार, रसायन, प्रोग्रामिंग, वेधन, सीमेंटिंग, यांत्रिक, विद्युत, ई एंड टी, इन्स्ट्रूमेंटेशन, सिविल, परिवहन, वित्त, मानव संसाधन, सामग्री प्रबंधन, चिकित्सा एवं सुरक्षा** में आवश्यकता है। वेतनमान 3% प्रतिवर्ष वेतनवृद्धि सहित 24,900–50,500/- रुपये के ग्रेड में है। मूल वेतन के अतिरिक्त, कर्मचारी कैफेटेरिया एप्रोच के तहत मूल वेतन का 47% की दर से भत्ता, मंहगाई भत्ता, गृह किराया भत्ता/कंपनी आवास, अंशदायी भविष्यनिधि, वाहन अनुरक्षण, कार्यनिष्पादन आधारित वेतन (पीआरपी), स्वयं एवं अपने आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधा, उपदान, स्वयं अंशदायी सेवानिवृति पश्चात लाभ योजना एवं सामूहिक सामाजिक सुरक्षा योजना पाने के हकदार होंगे।

कंपनी विकास पर केन्द्रित व्यवसायिक रूप से प्रबंधित संगठन में योग्यता–उन्मुख प्रगति के अवसर सहित देश में कंपनी की लागत (सीटीसी) शर्तों में सर्वोत्तम क्षतिपूर्ति पैकेज प्रदान करती है।

पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में उपस्थित होना अपेक्षित होगा तथा लघु सूचीबद्ध सफल अभ्यर्थियों को मनोमितीय परीक्षण एवं साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। चुने हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति ओएनजीसी की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य नीति के तहत निर्धारित मानकों के अनुसार कंपनी की चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करने पर की जाएगी। चुने हुए अभ्यर्थियों को भारत या विदेश में किसी भी स्थान में तैनात किया जा सकता है।

पदों की संख्या पात्रता मानदण्ड आदि संबंधी विस्तृत सूचना के लिए, आप www.ongcindia.com पर आमंत्रित हैं तथा 04.08.2012 से 26.08.2012 के बीच ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। आप दिनांक 04.08.2012 के आगामी एम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में विज्ञापन भी देख सकते हैं।

ओएनजीसी

ONGC

**ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः जीवन भारती बिल्डिंग, टॉवर–II, इन्दिरा चौक, नई दिल्ली–110 001**




ओएनजीसी ONGC

# ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड

## स्नातक प्रशिक्षणार्थी–2012 की भर्ती विज्ञापन सं. 3/2012 (आर एवं पी)

**देश की सर्वाधिक मूल्यवान कंपनी में सम्मिलित होने का आमन्त्रण है।** ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) एक महारत्न तथा फॉर्च्यून–ग्लोबल 500 कंपनी है। इसने विश्व में #2 अन्वेषण एवं उत्पादन कंपनी तथा एशिया में शीर्ष 5 ऊर्जा कंपनियों में स्थान प्राप्त किया है। इसने 'प्लैट्ट्स' शीर्ष 250'ग्लोबल एनर्जी कंपनी रैंकिंग 2012 के अनुसार अग्रणी वैश्विक ऊर्जा प्रधानों में 21वाँ स्थान प्राप्त किया है। इसने वर्ष 2012 में 'पीएफसी' ऊर्जा 50' सूची के अनुसार वैश्विक सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध ऊर्जा कंपनियों में 25वाँ स्थान प्राप्त किया है। इसने वर्ष 2012 की फोर्ब्स ग्लोबल 2000 सूची में 171वाँ स्थान प्राप्त किया है। ओएनजीसी 'खनन, कच्चे तेल उत्पादन' श्रेणी (मार्च, 2012) के तहत फॉर्च्यून की अत्यंत सम्मानित सूची 2012 में एकमात्र भारतीय ऊर्जा कम्पनी है।

ओएनजीसी अपनी सहायक कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) के माध्यम से 15 देशों में 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर का विदेशी पूँजी–निवेश सहित भारत की सबसे बड़ी पारराष्ट्रीय कम्पनी है। ओएनजीसी को रैण्डस्टैड द्वारा गठित "अत्यधिक आकर्षक नियोक्ता" पुरुस्कार सर्वोत्तम पद्धतियों को प्रोत्साहन देने तथा "नियोक्ता ब्रांड" निर्मित करने के लिए प्रदान किया गया है।

ओएनजीसी को श्रेणी–1 अधिकारियों (ई–1) के रूप में संगठन का सदस्य बनने के लिए उच्च शैक्षिक रिकार्ड वाले उत्साही, ऊर्जावान एवं युवा भू–वैज्ञानिक, अभियंताओं, एमबीए एवं सीए/आईसीडब्ल्यूए की निम्नलिखित संवर्गों– **भूविज्ञान, भूभौतिकी, भण्डार, रसायन, प्रोग्रामिंग, वेधन, सीमेंटिंग, यांत्रिक, विद्युत, ई एंड टी, इन्स्ट्रूमेंटेशन, सिविल, परिवहन, वित्त, मानव संसाधन, सामग्री प्रबंधन, चिकित्सा एवं सुरक्षा** में आवश्यकता है। वेतनमान 3% प्रतिवर्ष वेतनवृद्धि सहित 24,900–50,500 रुपये के ग्रेड में है। मूल वेतन के अतिरिक्त, कर्मचारी कैफेटेरिया एप्रोच के तहत मूल वेतन का 47% की दर से भत्ता, मंहगाई भत्ता, गृह किराया भत्ता/कंपनी आवास, अंशदायी भविष्यनिधि, वाहन अनुरक्षण, कार्यनिष्पादन आधारित वेतन (पीआरपी), स्वयं एवं अपने आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधा, उपदान, स्वयं अंशदायी सेवानिवृत पश्चात लाभ योजना एवं सामूहिक सामाजिक सुरक्षा योजना पाने के हकदार होंगे।

कंपनी विकास पर केन्द्रित व्यवसायिक रूप से प्रबंधित, संगठन में योग्यता–उन्मुख प्रगति के अवसर सहित, देश में कंपनी की लागत (सीटीसी) शर्तों में सर्वोत्तम क्षतिपूर्ति पैकेजों में एक प्रदान करती है।

**(क) संवर्गों एवं न्यूनतम अनिवार्य अर्हताओं संबंधी विवरण**

| क्र.सं. | संवर्ग | पद | | | | | | न्यूनतम अनिवार्य अर्हता (बिन्दु ख भी देखें) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | अ.पि.वर्ग | अनु.जा. | अनु.ज.जा | (पीडब्ल्यूडी) विकलांग | कुल | |
| 1. | भूविज्ञान | 25 | 13 | 5 | 7 | – | 50 | न्यूनतम 60% अंकों सहित भूविज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री/एम.एससी अथवा एम.टेक (पेट्रोलियम ज्योसाइंस/ पेट्रोलियम जियोलोजी)। |
| 2. | भू–भौतिकी (धरातल) | 22 | 4 | 2 | 2 | – | 30 | न्यूनतम 60% अंकों सहित भू–भौतिकी अथवा इलेक्ट्रोनिक्स सहित भौतिकी में स्नातकोत्तर डिग्री। |
| 3. | भू–भौतिकी (कूप) | 16 | 7 | 1 | – | – | 24 | न्यूनतम 60% अंकों सहित भू–भौतिकी अथवा इलेक्ट्रोनिक्स सहित भौतिकी में स्नातकोत्तर डिग्री। |
| 4. | आगार | 24 | 14 | 8 | 1 | – | 47 | न्यूनतम 60% अंकों सहित भूविज्ञान/रसायन/भूभौतिकी/गणित/भौतिकी/पेट्रोलियम प्राद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिग्री (स्नातक स्तर पर गणित/भौतिकी का अध्ययन अवश्य किया हो) अथवा न्यूनतम 60% अंकों सहित केमिकल/पेट्रोलियम इंजीनियरिंग/एप्लायड पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री। |
| 5. | रसायन | 34 | 17 | 7 | 2 | – | 60 | न्यूनतम 60% अंकों सहित केमिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री अथवा न्यूनतम 60% अंकों सहित रसायन में स्नातकोत्तर डिग्री। |
| 6. | प्रोग्रामिंग*+ | 11 | 4 | 4 | 2 | *(एचएच) | 21 | न्यूनतम 60% अंकों सहित कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री अथवा न्यूनतम 60% अंकों सहित कंप्यूटर एप्लीकेषन्स (एमसीए)/ कंप्यूटर साइंस में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा इलेक्ट्रानिक्स विभाग, भारत सरकार द्वारा यथापरिभाषित "बी" स्तरीय डिप्लोमा। |
| 7. | उत्पादन | 110 | 56 | 29 | 25 | – | 220 | न्यूनतम 60% अंकों सहित केमिकल/मेकेनिकल/पेट्रोलियम इंजीनियरिंग/एप्लायड पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री। |
| 8. | वेधन | 58 | 36 | 6 | 10 | – | 110 | न्यूनतम 60% अंकों सहित मेकेनिकल/ पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री। |
| 9. | सीमेंटिंग | 10 | 6 | 3 | 1 | – | 20 | न्यूनतम 60% अंकों सहित मेकेनिकल/ पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री। |
| 10. | मेकेनिकल | 30 | 18 | 1 | 11 | – | 60 | न्यूनतम 60% अंकों सहित मेकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री। |
| 11. | इलेक्ट्रीकल | 20 | 12 | 1 | 7 | – | 40 | न्यूनतम 60% अंकों सहित इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री। उम्मीदवार के पास इलेक्ट्रीकल पर्यवेक्षक के रूप में सक्षमता प्रमाण पत्र होना चाहिए। |
| 12. | ई एवं टी | 26 | 11 | 8 | – | – | 45 | न्यूनतम 60% अंकों सहित इलेक्ट्रानिक्स/टेलिकॉम/ई एण्ड टी इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री अथवा न्यूनतम 60% अंकों सहित इलेक्ट्रानिक्स सहित भौतिकी में स्नातकोत्तर डिग्री। |
| 13. | इन्स्ट्रूमेंटेशन | 19 | 3 | 8 | – | – | 30 | न्यूनतम 60% अंकों सहित इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री। |
| 14. | सिविल | 12 | 3 | – | – | – | 15 | न्यूनतम 60% अंकों सहित सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री। |
| 15. | परिवहन | 6 | 1 | 2 | 2 | – | 11 | न्यूनतम 60% अंकों सहित ऑटो/मेकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री अथवा न्यूनतम 60% अंकों सहित एमबीए। |
| 16. | वित्त एवं लेखा*+ | 23 | 10 | – | 1 | *(एचएच) | 34 | स्नातक डिग्री सहित आईसीडब्ल्यूए/सीए अथवा न्यूनतम 60% अंको सहित वित्त में विशेषता के साथ एमबीए। |
| 17. | मानव संसाधन*+ | 13 | 4 | 5 | 3 | *(वीएच) | 25 | न्यूनतम 60% अंकों सहित कार्मिक प्रबंधन/एचआरडी/एचआरएम में विशेषता सहित एमबीए अथवा न्यूनतम 60% अंकों सहित कार्मिक प्रबंधन/आईआर/श्रम कल्याण में स्नातकोत्तर डिग्री। |
| 18 | सामग्री प्रबंधन*+ | 19 | 6 | 6 | – | *(एचएच) | 31 | न्यूनतम 60% अंकों सहित केमिकल/मेकेनिकल/पेट्रोलियम/एप्लाइड पेट्रोलियम/ऑटो/इलेक्ट्रीकल/इन्स्ट्रूमेंटेशन/सिविल/ इलेक्ट्रॉनिक्स/टेलिकॉम/ई एण्ड टी/कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक इंजीनियरिंग डिग्री अथवा न्यूनतम 60: अंकों सहित सामग्री प्रबंधन/इन्वेन्टरी कन्ट्रोल में विशेषज्ञता सहित एमबीए अथवा स्नातक डिग्री के साथ न्यूनतम 60: अंकों सहित केन्द्रीय सरकार में उच्च पदों में भर्ती प्रयोजनार्थ मान्यताप्राप्त भारतीय सामग्री प्रबंधन संस्थान द्वारा प्रदान किया गया सामग्री प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। |
| 19. | चिकित्सा | 4 | 1 | 1 | 1 | – | 7 | वैध पंजीकरण सहित एमबीबीएस। |
| 20. | सुरक्षा | 5 | 2 | – | 2 | – | 9 | सशस्त्र बल अथवा केन्द्रीय पुलिस संगठन में 2 वर्षों की सेवा सहित स्नातकोत्तर डिग्री (नीचे दिए अनुसार न्यूनतम शारीरिक मानदंड #)। |
| कुल | | | | | | | 889 | |

+ (पीडब्ल्यूडी) शारीरिक निःशक्त वाले अभ्यर्थियों के लिए अभिनिर्धारित पद
*- मानव संसाधन में 08 (आठ) पद वीएच मानदंड के तहत शारीरिक निःशक्त (पीडब्ल्यूडी) के लिए आरक्षित हैं
- सामग्री प्रबंधन/वित्त/प्रोग्रामिंग संवर्गों में 04 (चार) पद एचएच मानदंड के तहत शारीरिक निःशक्त (पीडब्ल्यूडी) के लिए आरक्षित हैं।

**# सुरक्षा संवर्ग के लिए अपेक्षित न्यूनतम शारीरिक मानदंडः**
क) न्यूनतम लंबाई – 168 से.मी. (जनजातियों/पर्वतीयों लोगों के लिए 163 से.मी.) सीना – 81 से.मी. 5 से.मी. फुलाव के साथ।
ख) असम राज्य के व्यक्तियों के लिए : न्यूनतम लंबाई – 163 से.मी. (जनजातियों/पर्वतीयों लोगों के लिए 160 से.मी.) सीना–79 से.मी. 5 से.मी. फुलाव के साथ।

**ख. अनिवार्य अपेक्षाएँः**

| अर्हक परीक्षा/डिग्री में अंकों का न्यूनतम प्रतिशत निम्नानुसार है (सुरक्षा संवर्ग को छोड़कर) | |
|---|---|
| **विषय** | **सामान्य/अ.पि.वर्ग/अनु.जा./अनु.ज.जा./पीडब्ल्यूडी/विमागीय के लिए अपेक्षित अंकों का न्यूनतम प्रतिशत** |
| 1- इंजीनियरिंग/विज्ञान विषय | न्यूनतम 60% अंक |
| 2- एमबीए/स्नातकोत्तर डिग्री | न्यूनतम 60% अंक |
| 3- आईसीडब्ल्यूए/सीए/एमबीबीएस | उत्तीर्ण |
| जहाँ कहीं भी प्रदान की गई डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीटी/डीजीपीए या लेटर ग्रेड प्रदान किए जाते हैं, वहाँ ग्रेड के समकक्ष प्रतिशत अंको को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानकों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन में सूचित किया जाए। कृपया विश्वविद्यालय /संस्थान से इस आशय का प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लें जिसे साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित होगा। | |

**ग. आयु सीमाः 26.08.2012** को, वेधन एवं सीमेंटिंग को छोड़कर, सभी पदो के लिए : **1. सामान्य** – 30 वर्ष, **2. अ.पि.वर्ग (नॉन– क्रीमी लेयर)** – 33 वर्ष, **3. अनु.जा./अनु.ज.जा.**–35 वर्ष, तथा 4. **पीडब्ल्यूडी**–40 वर्ष, सामान्य वर्ग हेतु 43 वर्ष अ.पि. वर्ग हेतु एवं 45 वर्ष अनु.जा./अनु.ज.जा. श्रेणी हेतु।
**वेधन एवं सीमेंटिंग हेतुः** 26.08.2012 को 1. **सामान्य** – 28 वर्ष, **2. अ.पि. वर्ग (नॉन– क्रीमी लेयर)** 31 वर्ष तथा 3. **अनु.जा./अनु.ज.जा.** – 33 वर्ष।

अ.पि.वर्ग, अनु.जा./अनु.ज.जा. एवं पीडब्ल्यूडी प्रमाण पत्र भारत सरकार में पदों की नियुक्ति के लिए निर्दिश्ट निर्धारित फॉर्मेट में होना चाहिए (इसकी प्रति को लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के समय, लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने की स्थिति में प्रस्तुत करने की आवश्यकता है)। जाति प्रमाण पत्र यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित फॉर्मेट में जारी नहीं किया जाता है, तब उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सरकारी उपक्रम में रोजगार हेतु अ.पि. वर्ग/अनु.जा./अनु.ज.जा. एवं पीडब्ल्यूडी हेतु प्रमाण पत्र के निर्धारित फॉर्मेट को यदि अपेक्षित हो, ऑनलाइन आवेदन साइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

**घ. चयन प्रक्रिया**

(क) पात्र अभ्यर्थियों को **लिखित परीक्षा** (वस्तुनिष्ठ प्रकार) में बैठना होगा जिसमें तीन खंड सम्मिलित होंगे – सामान्य जागरूकता, संबंधित संवर्ग/क्षेत्र/विषय तथा अभिक्षमता परीक्षा (इसमें तार्किक क्षमता, बौद्धिक क्षमता, डाटा इन्टरपैट्रेशन आदि सम्मिलित है) (ख) लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को प्रबंधन द्वारा निर्धारित योग्यता एवं मानदंड के अनुसार मनोमितीय (साइकोमेट्रिक) परीक्षा और साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। चयन किए जाने की पात्रता के लिए, अभ्यर्थियों को, अपेक्षित अर्हता मानदंड पूरा करने के अतिरिक्त, लिखित परीक्षा में तथा इसके पश्चात साक्षात्कार में अलग से अर्हता प्राप्त करना अपेक्षित है। (ग) लिखित परीक्षा की सम्भावित तिथि 07.10.2012 है। (परीक्षा की वास्तविक तिथि प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों को सूचित की जाएगी तथा यह ओएनसीजी की वेबसाइट *www.ongcindia.com* पर भी उपलब्ध होगी) (घ) छंटनी एवं चयन, अभ्यर्थी द्वारा दिए गए विवरणों पर आधारित होगा, इसलिए यह आवश्यक है कि आवेदक केवल सही, पूर्ण एवं सत्य जानकारी ही प्रस्तुत करें। गलत/मिथ्या जानकारी देना अयोग्यता समझी जाएगी तथा ऐसी गलत/मिथ्या जानकारी प्रस्तुत करने के किसी भी परिणाम के लिए ओएनजीसी उत्तरदायी **नहीं** होगा। (ङ) ओएनजीसी विभागीय अभ्यर्थी ऑनलाइन फार्म में उपयुक्त फील्ड में ओएनजीसी का उनकी स्वयं की सीपीएफ संख्या को भरना सुनिश्चित अवश्य करें, ऐसा नहीं करने पर उन्हें ओएनजीसी के विभागीय अभ्यर्थियों के रूप में छंटनी नहीं की जाएगी/विचार **नहीं किया जाएगा**। (च) साक्षात्कार के लिए चुने गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के पूर्व विच्छेदक (कटऑफ) तिथि (बाद में सूचित की जाएगी) तक ऑनलाइन वेबसाइट पर अर्हक डिग्री के अपने स्कैन किए हुए दस्तावेजों को अपलोड करना अपेक्षित होगा, ऐसा नहीं करने पर अभ्यर्थी का साक्षात्कार नहीं किया जाएगा।

**ङ आवेदन कैसे करें**

**पात्र आवेदकों को ओएनजीसी की वेबसाइट : www.ongcindia.com पर 'एप्लाय ऑनलाइन' लिंक के माध्यम से केवल ऑनलाइन (इंटरनेट पर) आवेदन करना होगा। आवेदन के किसी अन्य तरीके को स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

1- वेबसाइट पर पंजीकरण कराने/अपने आवेदकों को प्रस्तुत करने के पूर्व अभ्यर्थियों के पास निम्नलिखित चीजें होनी चाहिएः

(क) वैध ई–मेल आईडी।

(ख) डाऊनलोड किया गया चालान फार्म जिसमें जमा किए गए शुल्क तथा संबंधित बैंक द्वारा स्वीकृति का विवरण विधिवत अंकित हो।

(ग) श्वेत पृष्ठभूमि के साथ अभ्यर्थी की हाल ही की पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ (जो **50 केबी आकार** से अधिक नहीं हो) उम्मीदवार के हस्ताक्षर (जो **20 केबी आकार** से अधिक नहीं हो) तथा बैंक चालान (बैंक मोहर एवं जनरल नंबर सहित की स्कैन की हुई प्रतियाँ जो **100 केबी आकार** से अधिक नहीं हो)।

2- अभ्यर्थी हमारी वेबसाइट www.ongcindia.com पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण **साइट 04.08.2012 को 1000 बजे से 26.08.2012 को 20:00 बजे तक खुली रहेगी।**

3- अभ्यर्थियों के साथ सभी पत्राचार केवल ई–मेल के माध्यम से ही किए जाएंगे। परीक्षा कार्यक्रम/प्रवेश–पत्र/साक्षात्कार आमंत्रण पत्र आदि संबंधी सभी जानकारी ई–मेल के माध्यम से प्रदान की जाएगी। प्रवेश–पत्र/साक्षात्कार आमंत्रण–पत्र प्राप्त करने के लिए डाउनलोड करने तथा प्रिंट करने का दायित्व अभ्यर्थी का होगा। ओएनजीसी अभ्यर्थी द्वारा दिए गए अवैध/गलत ई–मेल आईडी के कारण भेजे गए ई–मेल के खो जाने अथवा ई–मेल के स्पैम/बल्क मेल फोल्डर आदि में चले जाने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

4- ऑनलाइन आवेदन तथा भुगतान कार्यप्रणाली ऑनलाइन आवेदन साइट पर उपलब्ध होगी।

5- सामान्य तथा अ.पि. वर्ग अभ्यर्थियों को ₹500/– पंजीकरण शुल्क तथा अनु.जा./अनु.ज.जा./शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों को ₹100/– पंजीकरण शुल्क जमा कराना आवश्यक होगा। पंजीकरण शुल्क अप्रतिदेय है। पंजीकरण शुल्क चालान के माध्यम से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में जमा किया जा सकता है। शुल्क एसबीआई, तेल भवन, देहरादून के ओएनजीसी पॉवर ज्योति खाता संख्या **30827318409** में जमा कराना होगा। पंजीकरण शुल्क का भुगतान केवल निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार ही किया जाए। भुगतान का अन्य कोई तरीका स्वीकार्य नहीं होगा। आवेदकों को पंजीकरण शुल्क डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चैक/आईपीओ जैसे दस्तावेजों, ओएनजीसी खाते में ऑनलाइन पैसे का अन्तरण के माध्यम से जमा नहीं कराना चाहिए, यदि कोई अभ्यर्थी ऐसी किसी तरीके के माध्यम से भुगतान करता है, तब शुल्क वापिस/लौटाया नहीं जाएगा। अतएव आवेदकों को केवल चालान फार्म (निर्दिष्ट प्रक्रिया) के माध्यम से ही पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना चाहिए।

6- ओएनजीसी के विभागीय अभ्यर्थियों को भी चालान फार्म के माध्यम से लागू पंजीकरण शुल्क जमा कराना अपेक्षित होगा। तथापि, प्रतिपूर्ति कर दी जाएगी।

**च : लिखित परीक्षा केन्द्र**

लिखित परीक्षा निम्नलिखित शहरों में संचालित की जाएगी :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- अहमदाबाद | 2- बंगलुरु | 3- चेन्नई | 4- दिल्ली | 5- गुवाहाटी | 6- हैदराबाद |
| 7- कोच्चि | 8- कोलकाता | 9- लखनऊ | 10- मुंबई | 11- रांची | |

अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र के रूप में इन शहरों में से एक को चुनना है तथा बाद में **किसी परिवर्तन की अनुमति नहीं** दी जाएगी। तथापि, ओएनजीसी के पास अपने विवेकाधिकार पर उपरोक्त किसी भी परीक्षा शहरों में **परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित** रहेगा।

**छः सामान्य अनुदेश**

(क) नियमित विधि के माध्यम से संस्थानों/विश्वविद्यालयों द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू)/यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित/मान्यताप्राप्त होने चाहिए तथा दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रमों की स्थिति में, ये डीईसी, यूजीसी एवं एआईसीटीई की संयुक्त समिति द्वारा मान्यताप्राप्त होने चाहिए। (ख) चूँकि साक्षात्कार के अक्तूबर/नवंबर, 2012 में होने की संभावना है, इसलिए अंतिम वर्ष/सेमेस्टर के विद्यार्थी, जो साक्षातकार की तिथि को या पूर्व तक अपने परिणामों की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वे भी पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। (ग) पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को आरक्षण इस विषय पर निर्देशों के अनुसार दिया गया है। (घ) आवेदन करने के पूर्व अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि क्या वह विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड एवं अन्य मानकों को पूरा करता है या नहीं। (ङ) आवेदकों को केवल ऑनलाइन आवेदन करना ही अपेक्षित है। कोई मैनुअल/पेपर पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। (च) यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई जानकारी झूठी पाई जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित मानदंड के अनुरूप नहीं पाई जाती है तब पंजीकृत अभ्यर्थी की उम्मीदवारी को भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या भर्ती या कार्य–भार ग्रहण करने के पश्चात अस्वीकार किया जा सकता है। (छ) लिखित परीक्षा के लिए बुलाए गए पात्र अनु. जा./अनु. ज. जा./शारीरिक निःशक अभ्यर्थी को रेलवे टिकट/बस टिकट प्रस्तुत करने पर, सबसे छोटे रास्ते का द्वितीय श्रेणी रेल/बस किराया की प्रतिपूर्ति की जाएगी (डाक पता से निकटतम शहर के अतिरिक्त परीक्षा शहर को चुनने वाले अभ्यर्थी को यात्रा भत्ता भुगतान नहीं किया जाएगा)। (झ) ऑनलाइन आवेदन में यथाघोषित डाक पता, परीक्षा केन्द्र/श्रेणी/संवर्ग में बदलाव करने संबंधी अनुरोधों को **स्वीकार नहीं किया** जाएगा। तथापि ओएनजीसी के पास अभ्यर्थियों की संख्या या व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए किसी भी परीक्षा केन्द्र/शहर को रद्द करने या नया परीक्षा केन्द्र/शहर को सम्मिलित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। (ञ) **पंजीकरण पर्ची के प्रिंटआउट में हेर–फेर नहीं किया जाए।** यदि पंजीकरण पर्ची में ऊपर से लिखाई या छेड़छाड़ दिखाई देती है तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। (ट) अभ्यर्थियों को भविष्य में संदर्भ के लिए अपने चालान एवं पंजीकरण पर्ची की प्रति सुरक्षित रखनी चाहिए। (ठ) अभ्यर्थियों को उक्त बिंदु ई–5 में भुगतान कार्यप्रणाली में यथानिर्दिष्ट लागू अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क **भारतीय स्टेट बैंक** की किसी भी शाखा में जमा करना अपेक्षित है। निर्धारित पद्धति के अतिरिक्त किसी अन्य रीति के माध्यम से उप अभिधान शुल्क या शुल्क जमा करने वाले अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी। (ड) सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/सरकारी सेवा में सेवारत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय **अनापत्ति प्रमाण**–पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। (ढ) किसी विवाद की स्थिति में न्यायाधिकार का क्षेत्र केवल नई दिल्ली होगा। (ण) ओएनजीसी के विभागीय अभ्यर्थियों को मौजूद नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी। (प) एकबार आवेदन करने पर इसे वापिस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा एकबार शुल्क का भुगतान कर दिए जाने पर इसे किसी भी कारण से लौटाया नहीं जाएगा और न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या चयन प्रक्रिया के लिए आरक्षित जा सकता है।

**जः टिप्पणीः**

1- स्नातक प्रशिक्षणार्थी–2012 परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे परीक्षा प्रवेश के लिए सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हों। परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश पूर्णतया अस्थायी होगा जो निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने आधीन है। अभ्यर्थी को केवल प्रवेश प्रमाण–पत्र जारी करने का यह अर्थ नहीं होगा कि ओएनजीसी ने उसकी उम्मीदवारी को अंतिम रूप से निर्बाधित कर दिया है। अभ्यर्थी के साक्षात्कार के लिए अर्हता प्राप्त करने के पश्चात् ही ओएनजीसी मूल दस्तावेजों के संदर्भ में पात्रता शर्तों का सत्यापन प्रारंभ करेगा।

2- चुने हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति ओएनजीसी ही की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य नीति के तहत निर्धारित मानकों के अनुसार कंपनी की चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करने पर की जाएगी।

3- चुने हुए अभ्यर्थियों को भारत या विदेश में किसी भी स्थान में तैनात किया जा सकता है।

4- कंपनी के बारे में अधिक जानकारी के लिए आप वेबसाइट www.ongcindia.com देख सकते हैं।

**झः महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| | | |
|---|---|---|
| **क.** | **पंजीकरण आरंभ होने की तिथि** | **04.08.2012 को 10:00 बजे** |
| **ख.** | **पंजीकरण की अंतिम तिथि** | **26.08.2012 को 20:00 बजे** |
| **ग.** | **अखिल भारतीय लिखित परीक्षा (संम्भावित)** | **07.10.2012** |

लिखित परीक्षा का परिणाम नवम्बर के प्रथम सप्ताह (संभावित) में घोषित किया जाएगा।

**ञः सभी अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना**

चयन भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अधिकारियों से किसी प्रकार की संयाचना या प्रभावित करने का प्रयास से अभ्यर्थी को तत्काल अयोग्य किया जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में, ओएनजीसी प्रबंधन का निर्णय अंतिम एवं सभी अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा।

**उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन)–भर्ती**
**ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड**
**तेल भवन, देहरादून**

ओएनजीसी इस विज्ञापन में प्रिंटिंग की किसी भी प्रकार की त्रुटी के लिए ज़िम्मेदार नही होगा